ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना का अभिनंदन करने के लिए हम सभी सामूहिक विवाह स्थल पर 'सिंदूरदानी' का उपहार देंगे। वैसे भी सिंदूरदानी विवाह में बहुत महत्व रखती है। —— ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम, उप्र



विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो विजन दिया है कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है। —— योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



# विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की मोदी की मांग का सीटीआई ने किया समर्थन

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) की ओर से कनॉट प्लेस में 'स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ' कैंपेन चलाया गया। इस दौरान कनॉट प्लेस की दुकानों और शोरूम में कैंपेन के पोस्टर लगाए गए।

सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से विदेशी सामान का बहिष्कार करने की अपील की गई है। सीटीआई और सभी व्यापारी संगठन सरकार के इस फैसले के साथ हैं। इसी के तहत सीटीआई ने विदेशी माल के खिलाफ कैंपेन की शुरुआत की है। 700 के करीब व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों ने इस कैंपेन का समर्थन किया है और अब इस कैंपेन को 100 से ज्यादा बाजरों में चलाया जाएगा। पिछले दिनों पाकिस्तान से हुए तनाव के दौरान चीन और तुर्किये जैसे कुछ देशों ने पाकिस्तान का खुलेआम समर्थन किया था। ये वही देश हैं जो भारत से हर साल अरबों रुपये कमाते है। ऐसे में इनके माल पर निर्भरता कम करने की जरूरत है।

■ **सीटीआई ने कनॉट प्लेस में चलाया 'स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ' कैंपेन**

गोयल ने बताया कि इसके लिए सीटीआई की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि चीन के सामान पर भारत की बहुत निर्भरता है। चीन अपने कुल निर्यात का 14 प्रतिशत सामान भारत में भेजता है, ऐसे में तुरंत इसका बहिष्कार संभव नहीं है। सरकार को दीर्घकालिक योजना बनाने की जरूरत है और चरणबद्ध तरीके से इसे कम करने की जरूरत है। पहले फेज में सरकार को चीन से आने वाली उन चीजों को बैन करना चाहिए जो भारत में अच्छे लेवल पर बन रहे है, खिलौने, कपड़े, स्टील, जूलरी, फुटिवयर कुछ ऐसे सेक्टर हैं, जिनमें भारत में भी अच्छा काम हो रहा है। ऐसे में उसे बैन किया जा सकता है।

सीटीआई ने पत्र में मांग की है कि कंपनियों को 'कंट्री ऑफ ओरिजिन' नियम का पालन करने के लिए बाध्य किया जाए। सभी कंपनियां और ई-कॉमर्स साइट्स हर आइटम्स के बारे में बताएं कि यह सामान कहां से आया है। इसके अलावा तमाम विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार पर भी नकेल कसने की जरूरत है और साथ ही व्यापारियों को रियायत मिलनी चाहिए। गोयल ने बताया कि पीएम मोदी ने ऐसी विदेशी वस्तुओं की लिस्ट मांगी थी जो भारत के घर घर में इस्तेमाल होती है, सीटीआई की ओर से ऐसी 100 वस्तुओं की लिस्ट तैयार की जा रही है जिसको कि जल्द ही पीएम मोदी जी को भेजा जाएगा। कैंपेन में राजेश खन्ना, राजेश आहुजा, माधव खन्ना, नईम राजा, भानू प्रताप, मंजीत सिंह, चंद्रपाल, श्रुति ग्रोवर, अंजू शर्मा आदि मौजूद थे।

# एनडीएमसी को लर्निंग हब बनाने के लिए चार बड़े स्कूलों के साथ करार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने खुद को लर्निंग हब के रूप में स्थापित करने के लिए राजधानी के चार प्रमुख स्कूलों सरदार पटेल विद्यालय, मॉडर्न स्कूल, गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल और सेंट थॉमस स्कूल के साथ करार किया है। परिषद के शिक्षा विभाग का कहना है कि यह कदम छात्रों और शिक्षकों के समग्र विकास, एनडीएमसी विकसित भारत मिशन के तहत लर्निंग हब शिक्षा के बहुमुखी पहलुओं पर सहयोगी शिक्षण और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से शैक्षिक मानकों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

■ **शिक्षकों, छात्रों व परिषद के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर होगा साबित : अध्यक्ष**

परिषद का कहना है कि इस करार का उद्देश्य सरदार पटेल विद्यालय के माध्यम से पर्यावरण शिक्षा, कला शिक्षा और गणित (प्राथमिक अनुभाग) पर जोर देना है। मॉडर्न स्कूल के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षण (खेल शिक्षा, अंग्रेजी भाषा) नेतृत्व प्रशिक्षण और सीडब्ल्यूएसएन छात्रों के लिए खेल/सांस्कृतिक गतिविधियों की पहल करेगा। सेंट थॉमस गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल परियोजना आधारित शिक्षा और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर देगा। जबकि गुरु हरकृष्ण पप्लिक स्कूल संगीत, खेल, पंजाबी भाषा और सांस्कृतिक गतिविधियों के कार्यक्रमों के लिए सहयोग करेगा। अध्यक्ष केशव चंद्रा ने बताया कि एनडीएमसी का प्रयास है कि लर्निंग हब को स्थापित करने की एक सक्रिय पहल में शिक्षा की टीम प्रमुख स्कूलों के साथ बैठकों के माध्यम से समझौता ज्ञापन में शामिल किए जाने वाले बहुमुखी क्षेत्रों की पहचान और बोर्डिंग के लिए कई दौर की चर्चा और विचार विमर्श करार हुआ है। यह भागीदारी शिक्षा को बदलने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इन प्रमुख शिक्षण संस्थानों की शक्तियों को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य एक समग्र शिक्षण तंत्र बनाना है। जिससे छात्रों और शिक्षकों को सशक्त बनाया जा सके।

# दिल्लीवासियों को सेहत का तोहफा


**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एक्शन में है। लोकनायक अस्पताल में बृहस्पतिवार को तीन अत्याधुनिक स्वास्थ्य परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इनमें मेडिकल जेनेटिक वार्ड नेशनल एडवांस टेस्टिंग लैब और यूमिन मिल्क बैंक शामिल हैं। मेडिकल जेनेटिक वार्ड नवजात शिशुओं के आनुवंशिक रोगों का इलाज करेगा जबकि एनएटी लैब रक्त जनित रोगों की पहचान करेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल नई शुरुआत नहीं बल्कि राजधानी की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डा. पंकज सिंह मौजूद थे।



मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मेडिकल जेनेटिक वार्ड का उद्घाटन किया। यह दिल्ली का पहला ऐसा केंद्र है, जहां उन नवजात शिशुओं का इलाज संभव होगा, जो जन्म से पहले ही अपने जीन्स में गंभीर बीमारियां लेकर आते है। यह वार्ड प्रधानमंत्री के स्वस्थ बालक, सशक्त भारत के विजन को मूर्त रूप देता है। यहां एक बूंद खून से यह पता चल सकेगा कि शिशु को भविष्य में कौन-सी आनुवंशिक बीमारी हो सकती है। वहीं, दूसरी परियोजना के रूप में नेशनल एडवांस टेस्टिंग (एनएटी) लैब की शुरुआत की गई। इस अत्याधुनिक लैब के माध्यम से रक्त जनित रोगों की पहले ही पहचान की जा सकेगी, जिससे कई जानें बचाई जा सकेंगी। श्रीमती गुप्ता ने कहा खून से जीवन बचता है, और इस लैब के जरिए हम कई जीवन समय रहते सुरक्षित कर सकेंगे। इनके अलावा तीसरी पहल ह्यूमन मिल्क बैंक की है, जहां उन माताओं का दूध संग्रह किया जाएगा जो अन्य नवजातों को दूध देने में सक्षम हैं। इस दूध को जरूरतमंद शिशुओं तक पहुंचाकर कुपोषण व शिशु मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर भी तीखा प्रहार किया।

■ **लोकनायक अस्पताल में शुरू की तीन अत्याधुनिक स्वास्थ्य परियोजनाएं**

उन्होंने कहा पिछले 10-11 वर्षों में स्वास्थ्य व्यवस्था के नाम पर दिल्ली को सिर्फ दिखावा मिला। आज हालात यह है कि दिल्ली में प्रति हजार जनसंख्या पर एक भी बेड उपलब्ध नहीं है, और निजी अस्पतालों को जोड़ भी दें तो यह अनुपात सिर्फ 1.5 हो पाता है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के अस्पतालों में स्टाफ, मशीनों और दवाओं की भारी कमी को उजागर करते हुए कहा कि उनकी सरकार इन सभी क्षेत्रों में सुधार के लिए कटिबद्ध है।




# एलएलडीआईएमएस ने आईआईटी के साथ मिलकर 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' चैलेंज किया आयोजित

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** आईआईटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी) के सहयोग से लिंग्याच लालिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज (एलएलडीआईएमएस) में 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' चैलेंज कार्यक्रम आयोजन किया। कार्यक्रम सैमसंग के वैश्विक कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के इनिशिएटिव के तहत किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के समाधान हेतु नवाचार और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित करना है।

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली (दक्षिण) 4/54, डी.बी. गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005
**सीएफबी और सैम शाखा में मौजूदा परिसर के नवीनीकरण के लिए ई-निविदा की अल्प सूचना**
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय-दिल्ली (दक्षिण) पात्र बोलीदाताओं से ऑनलाइन माध्यम से सीएफबी एवं सैम शाखा के इंटीरियर फर्बिशिंग, इलेक्ट्रिकल, डाटा केबलिंग एवं लो-साइड एयर कंडीशनिंग कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है। विस्तृत निविदा सूचना के लिए वेबसाईट पर जाएं:- http://www.centralbankofindia.co.in/en/active-tender तथा आनलाइन बिड्स जमा करने के लिये वेबसाईट पर जाएं:- https://centralbank.abcprocure.com/EPROC/
हस्ता/- (क्षेत्रीय प्रमुख), क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली (दक्षिण)

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स,ब्लॉक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, पिन कोड-201308, जिला गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.) दूरभाष नं.-0120, 2395201, फैक्स नं.-0120-2395150
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि भूखण्ड संख्या-113 पॉकेट-2 (बी),सेक्टर-18, क्षेत्रफल-300 वर्गमीटर, आवंटन सख्या – YEA017827, के आवंटी Late Smt. Vijay Rastogi के पक्ष में आवंटित है। आवंटी Late Smt. Vijay Rastogi की मृत्यु के उपरान्त उक्त भूखण्ड का नामान्तरण वसीयत के आधार पर उनके पुत्र सह आवंटी Mr. Nitin Rastogi द्वारा अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं।
अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का काष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Late Smt. Vijay Rastogi की मृत्यु के उपरान्त वसीयत के आधार पर उनके पुत्र सह आवंटी Mr. Nitin Rastogi S/o Late Sh. Satish Prakash Rastogi (Father) & Late Smt. Vijay Rastogi (Mother) R/o P1A-31, Princetionestate DLF Phase-5 Gurgaon Haryana- 122009 का ही नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
**(विशेष कार्याधिकारी- (यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **एस. एन. उपाध्याय, प्रबंधक परचेज़, मेसर्स एचपीएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पताः** 102, प्रथम तल, लक्ष्मी टावर, आज़ादपुर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, आज़ादपुर, दिल्ली ने **Court Case No. 519947/16, U/s 138 NI ACT, थानाः रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **एस. एन. उपाध्याय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **एस. एन. उपाध्याय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Court Case No. 519947/16, U/s 138 NI ACT, थानाः रूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **एस. एन. उपाध्याय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री देशना गोलेच्छा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट) – 07
कोर्ट नं. 507, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/6240/N/2025
(Court Matter)

**यूनिटेक लिमिटेड** unitech
CIN: L74899DL1971PLC009720
पंजी. कार्यालयः 6, कम्युनिटी सेंटर, साकेत, नई दिल्ली – 110017
टेलीः 011-26857338
ई-मेलः share.dept@unitechgroup.com | वेबः www.unitechgroup.com
**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल और समेकित) का विवरण**
कंपनी के निदेशक मण्डल ने 29 मई, 2025 को हुई अपनी बैठक में, 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल और समेकित) का अनुमोदन कर दिया है। निवेशक वित्तीय परिणाम और साथ में लेखापरीक्षा प्रतिवेदन कंपनी की वेबसाइट https://www.unitechgroup.com/investor-relations/financial.asp और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वित्तीय परिणाम यहां पर उपलब्ध कराए गए क्विक रिस्पॉन्स कोड (क्यूआर) स्कैन करके भी प्राप्त किये जा सकते हैं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें
**टिप्पणः** उपर्युक्त सूचना सेबी (सूचीकरण उत्तरदायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 47(1) के साथ पठित विनियम 33 के अनुरूप प्रदान की गई है।
कृते यूनिटेक लिमिटेड
हस्ता/-
युद्धवीर सिंह मलिक
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 29 मई, 2025